Title: Need for Commissioning of Metro Channel by Doordarshan in Jalgaon Parliamentary Constituency in Maharashtra.

श्री वाई. जी. महाजन (जलगांव) : सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र जलगांव महाराट्र का एक प्रमुख औद्योगिक शहर है। जलगांव शहर की आबादी लगभग 5 लाख के आसपास होगी। इस क्षेत्र में गन्ना और केले की काफी पैदावार होती है और देश में गन्ना तथा केला उत्पादन में यह क्षेत्र अपना प्रमुख स्थान रखता है।

जलगांव शहर में वर्तमान में दूरदर्शन का लघु ट्रान्समीटर कार्यरत है, लेकिन इससे इस क्षेत्र की जनता मेट्रो चैनल का लाभ नहीं उठा पाती है। इस क्षेत्र के विकास के लिए दूरदर्सन का मैट्रो चैनल शुरू किया जाना अति आवश्यक है। जलगांव में एच.पी.टी. का कार्य प्रगति पर है। यदि इसके साथ-साथ ही मैट्रो चैनल भी शुरू कर दिया जाए, तो मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता इसका लाभ उठा सकेगी।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में अविलम्ब मेट्रो चैनल शुरू करने के लिए आदेश पारित करने का कट करें।